सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून/नई दिल्ली 17 फरवरी, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति का भ्रमण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने भ्रमण के दौरान गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के अधिकारियों से महात्मा गांधी जी से जुड़ी दुर्लभ जानकारियां भी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा की यह स्थल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जीवन और दर्शन को आमजन तक संप्रेषित कर रहा है। गांधी जी के विचार आने वाली कई पीढ़ियों तक युवाओं को देशभक्ति के साथ ही सत्य, अहिंसा, प्रेम और सद्भाव के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

...........0..........